तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **जितेन्द्र कुमार अबोटी बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 90/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/11/2024	अपीलार्थी जितेन्द्र कुमार अबोटी निवासी 120, बी.सी. ईस्ट पेटल नगर, सर्किट हाउस रोड़, रातानाडा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 02.09.2024 को श्री जुगल किशोर पुत्र पुरूषोतम लाल निवासी गणेश मंदिर के पास, रातानाडा, जोधपुर के भू.रू. प्रकरण में राज्य कोष में जमा कराई गई राशि 14520/— के रिफण्ड प्रकरण से संबंधित पत्रावली की कार्यालय टिप्पणी की समस्त प्रमाणित प्रतियां एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर—शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर—शहर प्रथम, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष(अतिरिक्त जिला कलक्टर—द्वितीय, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 2204 दिनांक 26.11.2024 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा आवेदन पत्र में चाही गई सूचना से संबंधित पत्रावली का निर्णय दिनांक एवं पत्रावली संख्या का स्पष्ट उल्लेख नही होने से सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नही है, जिसकी सूचना प्रार्थी को पत्रांक 2125 दिनांक 30.09.2024 से अवगत कराया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.11.2? ?7:59:06 IST
Reason: Approved

Ref No.: 12034628